**समाचार**

**सुशासन तिहार–2025**

# आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत निराकरण एक बड़ी उपलब्धि व सुशासन तिहार की सफलता है – महापौर

## (निगम के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में पहुंची महापौर, किया शिविर का निरीक्षण, समस्याओं व मांगों के निराकरण व संतुष्टिपूर्ण कार्यवाही पर जताई प्रसन्नता )




कोरबा 23 मई 2025 – महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित करते हुए आज कहा कि सुशासन तिहार–2025 के दौरान विभिन्न मांगों, शिकायतों व समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का लगभग शत प्रतिशत निराकरण होना शासन प्रशासन की उपलब्धि है व सुशासन तिहार की सफलता का प्रमाण है। उन्होने कहा कि विगत अनेक वर्षो की समस्याओं का निदान आज हो रहा है, वहीं नागरिकों की विकास व सुविधाओं से जुड़ी मांगे पूरी हो रही हैं।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में संचालित किए जा रहे सुशासन तिहार–2025 के तहत आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने शिविर में पहुंच कर वहॉ पर लगाए गए जिले के विभिन्न विभागों व नगर पालिक निगम कोरबा की विभिन्न शाखाओं के स्टाल का सघन रूप से निरीक्षण कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण व उन पर की गई कार्यवाही की

विस्तार से समीक्षात्मक जानकारी ली। उन्होने शिविर में काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों से भेंटकर उनका कुशल–क्षेम जाना, उनकी शिकायतों व मांग संबंधी प्रस्तुत आवेदनों के निराकरण की सीधी जानकारी नागरिकों से प्राप्त की, इस मौके पर निगम के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन व हितानंद अग्रवाल सहित दर्री जोन के समस्त पार्षदगण, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। समाधान शिविर में आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने सुशासन तिहार–2025 व समाधान शिविर के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**मैं स्लम बस्ती में रहती हूॅ, समस्याओं को जानती हूॅ** – इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मैं भी स्लम बस्ती में निवास करती हूॅ, अतः बस्तियों में क्या–क्या समस्याएं रहती हैं, इससे भलीभाति परिचित हूॅ, उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन भी गांव में रहते हैं तथा बचपन से ही गांव, बस्ती की समस्याओं को गहराई से जानते–समझते आएं हैं, इसी का परिणाम है कि उनके मार्गदर्शन में कोरबा में समस्याओं का तेजी से निदान हो रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन माटी पुत्र हैं, जमीन से जुड़े व्यक्ति हैं, अतः उन्हें कोई भ्रमित नहीं कर सकता, वे गांव, बस्ती की जमीनी हकीकत से भलीभांति परिचित हैं।

**शिकायतें दूर करने के साथ, मांगे भी होंगी पूरी** – इस मौके पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी शिकायतों को दूर किया जा चुका है, किन्तु साथ ही आपकी सभी विकासपरक मांगें भी पूरी होंगी, क्योंकि आपकी सभी मांगों को प्रक्रिया में शामिल किया जा चुका है। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन भी महापौर थे, उनका कार्यकाल कोरबा के विकास में मील के पत्थर के रूप में स्थापित हुआ था, इसी का परिणाम है कि कोरबा की जनता का लगातार आशीर्वाद उन्हें और हम सबको मिलता रहा है। सभापति श्री ठाकुर ने अधिकारियों से कहा कि वे पार्षदों की बातों को पूरी गंभीरता के साथ लें, क्योंकि पार्षद अपनी व्यक्तिगत नहीं बल्कि वार्ड की जनता की समस्याएं लेकर आते हैं।

**टेंट लगाकर अधिकारी कर रहे जनता की समस्याओं का निराकरण** – इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का सुशासन है कि इस भीषण गर्मी में भी अधिकारी कर्मचारी बस्तियों में, जोन में, टेंट लगाकर पसीना बहाते हुए आमजनता की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन का लगातार मार्गदर्शन कोरबा के विकास हेतु महापौर व हम पार्षदों को प्राप्त हो रहा है तथा उद्योग मंत्री श्री देवांगन स्वयं यहॉ की जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु लगातार काम कर रहे हैं।

**अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति पर हो रहा फोकस** – इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद व एमआईसी सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में समाज के अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति पर फोकस रखते हुए उनकी समस्या का त्वरित निदान किया जा रहा है, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव व उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के दिशा निर्देशन में कोरबा में इस दिशा में व्यापक कार्य हो रहे हैं, समस्याओं के शत प्रतिशत निराकरण के साथ–साथ जनता जनार्दन की मांगों को पूरा करने का कार्य हो रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद श्रीमती राधा महंत ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन में बिना किसी भेदभाव के निगम के सभी वार्डो में समान रूप से विकास कार्य हो रहे हैं, उन्होने कहा कि मंत्री श्री देवांगन एवं महापौर श्रीमती राजपूत के घर के दरवाजे आमजनता के लिए चौबीस घंटे खुले रहते हैं, कोई भी

व्यक्ति किसी भी समय उनके घर पहुंच कर अपनी समस्या बेहिचक बता सकता है, उसका निदान अवश्य होता है।

**<u>हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण</u>** – समाधान शिविर के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने हितग्राही प्रशांत गुप्ता को व्हीलचेयर प्रदान किया, वहीं 02 हितग्राहियों को श्रद्धांजलि योजना के तहत आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। उन्होने संबंधित हितग्राहियों को निवास प्रमाण पत्र व बी–1 भी प्रदान किए, साथ ही उनके द्वारा 11 हितग्राहियों को राशन कार्डों का वितरण भी किया गया।

समाधान शिविर के दौरान सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त श्री विनय मिश्रा, पार्षद नरेन्द्र देवांगन व हितानंद अग्रवाल के साथ–साथ पार्षद राधा बाई महंत, प्रीति दिनेश शर्मा, सीता पटेल, सरोज शांडिल्य, सम्मत कुंवर कंवर, मुकुंद सिंह कंवर, किशनलाल केंवट, विनम्रकुमार तिवारी, अजय कुमार चन्द्रा, सुखविंदर कौर, जनक सिंह राजपूत, कल्याणी बाई यादव, अयोध्याबाई कंवर, रामकुमार साहू, राकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, तुलसी ठाकुर, राधेलाल यादव, निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी व पवन वर्मा, तहसीलदार बजरंग साहू, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, यशवंत जोगी आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।